MEDIA COVERAGE

TATA POWER HONOURS VOLUNTEERS OF ‘EDUCATION FOR EDUCATION’ INITIATIVE WITH INTEL CERTIFICATION

Aaj

22 November 2011

टाटा पावर ने 'एजुकेशन फॉर एजुकेशन' के स्वयंसेवकों को सम्मानित किया

धनबाद। दामोदर वैली कॉर्पोरेशन के साथ टाटा पावर का संयुक्त उपक्रम मैथन पावर लिमिटेड 1050 मेगावॉट थर्मल पावर संयंत्र स्थापित करने के साथ निरसा ब्लॉक के 262 गांवों में एजूकेशन प्रोजेक्ट का समर्थन कर रहा है। टाटा पावर की इस पहल को एजूकेशन के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) प्रथम का भी सहयोग प्राप्त है। यह शिक्षा परियोजना को 800 उत्साही स्वयंसेवकों, जो कि इस इलाके के लगभग 16,400 बच्चों को शिक्षा देते हैं, को जुटाकर शुरू किया गया है। इस पहल की भारी सफलता में शिक्षा परियोजना के समर्पित स्वयंसेवकों की टीम का उल्लेखनीय योगदान रहा है। स्वयंसेवा कार्यक्रम में चार माह की अवधि वाले एजूकेशन फॉर एजूकेशन (ईएफई), डिजिटल लिट्रेसी, स्पोकन इंग्लिश, सहायक शिक्षक कोर्स (भाषा, गणित और अंग्रेजी) सहित कई तरह के कोर्स शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को चार मॉड्यूलों में शामिल किया गया है और ये माइक्रोसॉट 'टेक्नोलॉजी एट वर्क' द्वारा प्रमाणित हैं। स्वयंसेवा कार्यक्रम वर्तमान में 10 ईएफई केन्द्रों पर चलाया जा रहा है। हर केन्द्र पर एक प्रशिक्षक (स्थानीय उद्यमी) और दो लैपटॉप की सुविधा प्रदान की गई है। इंटेल प्रमाणी.त डिजिटल लिट्रेसी कोर्स के लिए कुल 200 स्वयंसेवकों को नामांकित किया गया है। इस पाठ्यक्रम को एनएसडीसी (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) से भी मान्यता प्राप्त है। इस पाठ्यक्रम में 100 स्वयंसेवकों ने सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके लिए चार मॉड्यूलों में परीक्षा हुई थी, जिसमें 42 स्वयंसेवकों को 'ए' ग्रेड मिला।

Bihar Observer

22 November 2011

शिक्षा के प्रचार प्रसार में जुटे एमपीएल के एनजीओ

800 स्वयं सेवक हुए सम्मानित

धनबादः निरसा ब्लाक ने टाटा पावर के साथ मिलकर डीवीसी में एमपीएल के एक उपक्रम के माध्यम से एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। एमपीएल के द्वारा एनजीओ के माध्यम से काम करने वाले 800 स्वयं सेवको को संस्था ने सम्मानित किया। एमपीएल ने प्रथम दौर में निरसा ब्लाक के 262 गांवो में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूचि दिखायी। जिस कारण वहां शिक्षा को भरपुर बढ़ावा मिला है। यह एनजीओ देश में काम करने वाली अग्रणी एनजीओ में से एक है। यही कारण है कि इस एनजीओ के माध्यम से ग्रामीण बच्चो को गणित, अंग्रेजी व कंप्यूटर आदि की शिक्षा देकर अपनी विशेष भूमिका निभा रही है। इस कार्य को सम्पादित करने वालों में पूर्वी क्षेत्र के टाटा पावर के निदेशक प्रवीर सिन्हा, बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मंडल आदि का सराहनीय योगदान रहा है।

Sanmarg

22 November 2011

टाटा पावर ने स्वयंसेवक शिक्षकों को सम्मानित किया

मैथन पावर प्रोजेक्ट के निरसा ब्लॉक में शैक्षणिक विकास संबंधी कई योजनाएं

संवाददाता

रांची : टाटा पावर लिमिटेड मैथन पावर प्रोजेक्ट के निरसा ब्लॉक में शैक्षणिक विकास संबंधी कई योजनाएं चला रही हैं। कंपनी की ओर से इस क्षेत्र के 262 गांवों में एनजीओ प्रथम के सहयोग से कई एजुकेशनल प्रोजेक्ट की शुरुआत की गयी है। योजना में 800 स्वयंसेवक शामिल हैं, जो इस क्षेत्र के 16 हजार से भी अधिक बच्चों के बीच शिक्षा का दीप जलाने के लिए प्रयासरत हैं। स्वयंसेवकों के प्रयास से निरसा क्षेत्र में शिक्षा को गति देने में काफी मदद मिली है। शिक्षा के प्रसार को गति देने के लिए स्वयंसेवकों के लिए कई प्रशिक्षण कोर्स भी शुरुआत की गयी है। योजना के तहत चार माह की अवधि वाले एजुकेशन फॉर एजुकेशन (ईएफई), डिजिटल लिट्रेसी, स्पोकेन इंग्लिश एवं सहायक शिक्षा सहित कई अन्य कोर्स शामिल किये गये हैं। पाठ्यक्रम को 100 स्वयंसेवकों ने सफलतापूर्वक पूरा किया है। प्रामाण पत्र वितरण के लिए सोमवार को मदनडीह गांव में विशेष कार्यक्रम का अयोजन किया गया। टाटा पॉवर के पूर्वी क्षेत्र परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीर सिन्हा व एमपीएल की आरएंडडी कमेटी के अध्यक्ष अशोक मंडल ने सफल स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। श्री सिन्हा ने शिक्षा सुधार के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों एवं युवाओं के शैक्षणिक स्तर एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए अन्य वैल्यु ऐडेड प्रोग्राम शामिल करने की योजना है। टाटा पावर ने दामोदर वैली कॉर्पोरेशन के साथ मिल कर मैथन में 1050 मेगावॉट थर्मल पावर प्रोजेक्ट की स्थापना की है।

Dainik Bhaskar

22 November 2011

वोलेंटियरों को टाटा पावर ने किया सम्मानित

निरसा। टाटा पावर ने प्रथम के 100 वालंटियरों को सम्मानित किया है। निरसा ब्लॉक के मदनडीह गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में टाटा पावर के पूर्वी क्षेत्र के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीर सिन्हा एवं एमपीएल के राहत एवं पुनर्वास समिति के अध्यक्ष अशोक मंडल ने इन वालंटियरों को सम्मानित किया। टाटा पावर एवं डीवीसी के संयुक्त उपक्रम एमपीएल ने निरसा प्रखंड के 262 गांवों में सीएसआर के तहत शिक्षा को बढ़ावा देने का काम रहा है।

Hindustan Times

22 November 2011

MPL honours volunteers for supporting 'Education Project'

DHANBAD: Maithon Power Limited (MPL) honoured volunteers for supporting the 'Education Project' at a programme organised at Madandih village on Monday. About a 100 volunteers from across the villages under Nirsa block were awarded certificates in the presence of 30 cluster coordinators and 'Education for Education' (EFE) instructors. The MPL is supporting the 'Education Project' in 262 villages under Nirsa block, in collaboration with PRATHAM, a non-governmental organisation. **HTC**